# पूर्वोदय

## पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय की त्रैमासिक हिन्दी ई-पत्रिका

संयुक्तांक : अक्टूबर-दिसम्बर, 2014 एवं जनवरी-मार्च, 2015




**संरक्षक**
*आर. के. गुप्ता*
महाप्रबंधक

**प्रधान संपादक**
*ए. के. झा*
मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं
प्रधान मुख्य इंजीनियर

**संपादक**
*डॉ. वरुण कुमार*
उप महाप्रबंधक (राजभाषा)

**उप संपादक**
*पुष्पा जे. एक्का*
वरि. राजभाषा अधिकारी

**सह संपादक**
*ग्रेगोरी तिग्गा*
वरिष्ठ अनुवादक
एवं
*प्रमोद कुमार सिंह*
कनिष्ठ अनुवादक

**तकनीकी सलाहकार**
*मृणाल कांति सिन्हा*
वरि. सेक्शन इंजी. (कंप्यूटर)



पूर्वोदय का नेट संस्करण www.er.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है.

# पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की गतिविधियाँ

## रोगियों को फल एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण

26 जनवरी, 2015 को पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती वीणा गुप्ता एवं अन्य सदस्याओं ने सियालदह स्थित बी. आर. सिंह अस्पताल जाकर रोगियों का हालचाल पूछा और उन्हें फल एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की।





## बाल दिवस समारोह का आयोजन

हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जयन्ती दिनांक 14 नवम्बर, 2014 को पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में अरूणोदय–II विद्यालय/बेलवेडियर पार्क रेलवे कॉलोनी तथा अरूणोदय विद्यालय/घोलसापुर रेलवे कॉलोनी में शानदार तरीके से मनायी गई।

इस अवसर पर बेलवेडियर पार्क रेलवे कॉलोनी स्थित अरूणोदय–II के विद्यार्थियों के लिए एक बाल चलचित्र भी प्रदर्शित की गई। चलचित्र भिन्न–भिन्न स्वभाव वाले जोशीले बच्चों पर केन्द्रित थी। इसके अलावा, अरूणोदय विद्यालय/घोलसापुर रेलवे कॉलोनी के ए. पी. राय इन्स्टीच्यूट में जादू का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें विद्यार्थियों ने तरह–तरह के जादू प्रदर्शनों का आनन्द उठाया।

दोनों ही कार्यक्रमों में लोग काफी संख्या में उपस्थित हुए और पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा किए गए प्रयास की तालियां बजाकर सराहना की। संगठन द्वारा दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच टॉफियां एवं बिस्कुट वितरित किए गए।






# पूर्व रेलवे की उपलब्धियाँ

**● विश्रामालयों की ऑन लाइन बुकिंग**

पूर्व रेलवे के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्रामालयों की ऑन लाइन बुकिंग आरंभ की गई है। अब तक 27 स्थानों में से 25 स्थानों पर यह सुविधा उपलब्ध करा दी गई है और 2 स्टेशनों पर विश्रामालय की बुकिंग सुविधा अतिशीघ्र प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**● अर्पण द्वारा पेंशन भुगतान आदेश**

पश्चिम रेलवे की तरह पूर्व रेलवे मुख्यालय में भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन एवं अन्य मदों के भुगतान के लिए वेब आधारित पोर्टल 'अर्पण' (एआरपीएएन) सितंबर 2014 से चालू किया गया है। अब मुख्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) 'अर्पण' (एआरपीएएन) द्वारा जारी किए जा रहे हैं।

**● आधुनिक बीपीएसी**

सितम्बर-2014 से पूर्व रेलवे के हावड़ा सियालदह एवं मालदा मंडल के 10 ब्लॉक सेक्शनों में गाड़ियों की संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सिग्नल के आधुनिक उपकरण के रूप में नये बीपीएसी (ब्लॉक प्रूविंग एक्सेल काउंटर) लगाए गए।

**● राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस**

'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत पूर्व रेलवे के प्रधान कार्यालय सहित सभी स्टेशनों, कॉलोनियों, कारखानों, अस्पतालों, रेलवे स्कूलों एवं कार्यालयों में दिनांक 02.10.2014 को राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सभी भारतवासियों का ध्यान आकर्षित करना एवं हमारे राष्ट्रपिता के इस सपने को पूरा करने के लिए प्रत्येक सप्ताह इस कार्य के लिए दो घंटे का समय निकालना है। इस 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक सतत् 'जन जागरुकता अभियान' भी प्रारंभ किया गया है।

**● सतर्कता जागरूकता सप्ताह**

पूर्व रेलवे में दिनांक 27.10.2014 से 01.11.2014 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया। 'भ्रष्टाचार से मुकाबला – सम्बल के रूप में प्रौद्योगिकी' विषय को लेकर पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'भ्रष्टाचार से मुकाबला-सम्बल के रूप में प्रौद्योगिकी' विषय पर दिनांक 31.10.2014 को पूर्व, दक्षिण पूर्व एवं मेट्रो रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से एक सतर्कता संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें वक्ता के रूप में लब्धप्रतिष्ठ प्रोफेसर सैबाल चट्टोपाध्याय, निदेशक/आईआईएम, जोका, कोलकाता एवं श्री संजीव नंदवानी, विकास आयुक्त/फलता एसईजेड ने भाग लिया। इस संगोष्ठी में पूर्व, दक्षिण पूर्व एवं मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

**● राष्ट्रीय एकता दिवस**

दिनांक 31.10.2014 को पूर्व रेलवे के प्रधान कार्यालय सहित मंडलों एवं कारखानों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' शानदार तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गई। राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखने का प्रयास करने के लिए सभी कर्मचारियों का आह्वान किया गया।

**● आई पास की शुरूआत**

पूर्व रेलवे के लेखा विभाग द्वारा कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य जानकारी का लेखा-जोखा रखने के लिए आई पी ए एस की शुरूआत की गई है। आसनसोल एवं मालदा मंडल में भी यह प्रणाली आरंभ कर दी गई है।

● **रेल मंत्री का दौरा**

माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने दिनांक 30.11.2014 को कोलकाता दौरा के दौरान पूर्व रेलवे के कार्य निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने इस रेलवे के प्रधान विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ विभिन्न मुद्दों पर अनौपचारिक एवं विस्तृत विचार-विमर्श भी किया।

● **रेलवे पुनर्संरचना समिति के अध्यक्ष का दौरा**

उच्च स्तरीय रेलवे पुनर्संरचना समिति के अध्यक्ष श्री विवेक देबरॉय ने दिनांक 17.11.2014 को इस रेलवे का दौरा किया और इस रेलवे के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

● **कौमी एकता सप्ताह**

राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द की प्रवृति को प्रोत्साहित करने के लिए इस रेलवे में दिनांक 19.11.2014 से 25.11.2014 तक 'कौमी एकता सप्ताह' मनाया गया। इसी क्रम में कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गई।

● **कैंसर जागरूकता दिवस**

दिनांक 07.11.2014 को बी. आर. सिंह अस्पताल में राष्ट्रीय 'कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया गया। सी.ए.-सर्विक्स और सी.ए.-माउथ को इस वर्ष के कैंसर जागरूकता दिवस के विचार-विमर्श का मुख्य मुद्दा बनाया गया था। सभी वक्ताओं ने इस रोग को बढ़ने से रोकने के तरीकों पर अपने-अपने विचार रखे। सभी ने इस बात पर जोर दिया कि रोग की शुरूआती पहचान होते ही रोगी को तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। उपस्थित श्रोताओं से भी उनकी समस्याएं ज्ञात की गईं और तदनुसार निदान सुझाया गया।

● **विश्व मधुमेह दिवस**

पूर्व रेलवे के अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में 14.11.2014 को 'विश्व मधुमेह दिवस' मनाया गया। बी. आर. सिंह अस्पताल, सियालदह ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा, लिलुआ कारखाना अस्पताल एवं फेयरली प्लेस स्थित स्वास्थ्य केंद्र में मधुमेह जाँच का एक विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही, लोगों को मधुमेह के प्रति सदैव जागरूक रहने, स्वयं को क्रियाशील बनाये रखने और जीवनशैली में परिवर्तन लाने का परामर्श दिया गया।

● **'कार्यस्थल पर संरक्षा सावधानी' पर संगोष्ठी**

आसनसोल मंडल के रानीगंज में फील्ड स्टाफ और पर्यवेक्षकों के लिए दिनांक 19.11.14 को 'कार्यस्थल पर संरक्षा सावधानी' विषय पर एक बुनियादी स्तर का सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें पर्यवेक्षक, मेट, कीमैन और ट्रैकमैन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

● **बिजली लोको शेड/आसनसोल एवं मधुपुर को योग्यता प्रमाण पत्र**

बिजली लोको शेड/आसनसोल और आसनसोल मंडल के मधुपुर रेलवे स्टेशन को ऊर्जा संरक्षण हेतु बिजली मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

● **एयर सस्पेंशन ईएमयू रेक**

बारासात कारशेड एवं नारकेलडांगा कारशेड द्वारा जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणालीयुक्त एक 9 डिब्बों वाला एयर सस्पेंशन ईएमयू रेक चलाया गया है। इस मंडल में इस तरह का यह दूसरा रेक है। यह प्रणाली पहले से डाले गए डाटा की सहायता से प्रत्येक डिब्बे में अगले स्टेशन की उद्घोषणा करने के साथ-साथ उस स्टेशन का नाम भी प्रदर्शित करता है। यदि गाड़ी किसी स्टेशन को अपने निर्धारित समय से पहले पार करने जा रही हो तो चालक दल को इस प्रणाली की वजह से पहले ही इसका पता चल जाता है और उसे अपनी गाड़ी के चालन समय को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

● **एयर कम्प्रेशर चिमनी**

एयर कम्प्रेशर रूम के साथ ही एयर कम्प्रेशर मशीन को ठंडा रखने के लिए एक एयर कम्प्रेशर चिमनी उपलब्ध कराकर दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड (डीएसईवाई) में एक संशोधन किया गया है।

- **अतिक्रमण हटाया जाना**

लिलुआ क्षेत्र में इंजीनियरी एवं सुरक्षा विभाग द्वारा 12 और 13 दिसंबर 2014 को अतिक्रमण हटाने का एक बड़ा अभियान चलाया गया। अतिक्रमणकर्ता रेलवे की बिजली का भी उपभोग कर रहे थे। हटाये जाने के बाद यह पाया गया कि प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये बिजली खर्च की बचत होगी।

- **वरिष्ठ नागरिक सीट चिह्नित किया जाना**

ईएमयू कोचों में मोटर कोचों के दोनों छोर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 7 सीटें चिह्नित की गईं और 107 रेकों में से 57 रेकों में ऐसा किया गया।

- **लौह कतरन निस्तारण प्रणाली**

अंडाल स्थित डीजल शेड के कर्मचारियों द्वारा स्क्रैप सामग्रियों की सहायता से एक अनोखी लौह कतरन निस्तारण प्रणाली विकसित की गई है। इस प्रणाली में लेथ पर पहिया का काम करते समय उससे निकलने वाली कतरनें (लौह चूर्ण) कन्वेयर बेल्ट की सहायता से पटरी पर खड़ी ट्रॉली में स्वचालित ढंग से जमा होता जाता है। ट्रॉली को विंच की मदद से लौह-चूर्ण भंडारण क्षेत्र तक ले जाया जाता है, जहाँ ट्रॉली का निचला हिस्सा स्वत: खुल जाता है। इस प्रणाली की विशेषता यही है कि किसी भी व्यक्ति को लेथ से निकले धातु के नुकीले और जंग लगे टुकड़ों को हाथ से उठाना नहीं पड़ता है।

- **आपदा प्रबंधन**

आपदा की स्थिति उत्पन्न करने वाली किसी घटना के दौरान दुर्घटना राहत गाड़ी/दुर्घटना राहत चलंत यान के कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले राहत कार्यों का आकलन करने के लिए मालदा मंडल के गौड़ मालदा स्टेशन पर 21.02.2015 को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/मालदा के नेतृत्व में समग्र आपदा प्रबंधन का छद्म अभ्यास किया गया। इस दौरान मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक स्वयं उपस्थित रहकर एआरटी/एआरएमवी में तैनात कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। यह एक अच्छी पहल है। समय-समय पर इस तरह के अभ्यास सभी स्टेशनों, महत्वपूर्ण स्थानों पर किया जाना चाहिए। इससे आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मचारियों का किसी भी आपदा से निपटने का अभ्यास बना रहेगा और छद्म अभ्यास देखने वाले दर्शकों को भी इसकी समुचित जानकारी मिल पाएगी।

## बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली का उद्घाटन

प्रधान कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय-पाबंदी एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने के संबंध में महाप्रबंधक श्री आर. के. गुप्ता ने 13.02.2015 को अधिकारियों के साथ चर्चा की। दायें चित्र में महाप्रबंधक बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली का शुभारंभ करते हुए।





# राजभाषा संबंधी गतिविधियाँ

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक




पूर्व रेलवे में राजभाषा के क्रियान्वयन पर निगरानी रखने एवं इसके रास्ते में आने वाली अड़चनों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रत्येक तिमाही में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में क्षेरेराकास की बैठक आयोजित की जाती है। राजभाषा के क्रियान्वयन के लिए यह रेलवे की शीर्षस्थ समिति है जिसमें रेलवे के सभी प्रमुख/समन्वयक विभागाध्यक्ष मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं कारखानों के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी उपस्थित होकर अपने-अपने क्षेत्रों में राजभाषा की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हैं। इसी क्रम में दिनांक 24.09.2014 को समिति की तिमाही बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजभाषा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के अतिरिक्त हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को व्यक्तिगत नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। बैठक में हिन्दी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम को बोर्ड के निदेशानुसार दिसंबर 2015 तक निरपवाद रूप से पूरा कर लेने पर जोर दिया गया।

## तकनीकी संगोष्ठी

मुख्यालय में सितंबर 2014 तिमाही की क्षेरेराकास की बैठक के दौरान एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'मधुमेह : कारण एवं निदान' था। विषय पर वृहत् चर्चा करने के लिए ऑर्थोपेडिक अस्पताल, हावड़ा के मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. पांडेय को आमंत्रित किया गया था। डॉ. पांडेय ने एक स्लाइड शो के माध्यम से बताया कि मधुमेह का रोग अत्यंत कष्टदायक होता है। हम योगाभ्यास, प्रात:भ्रमण एवं खानपान में परहेज आदि के द्वारा इस रोग से काफी राहत पा सकते हैं। उनकी प्रस्तुति से सभी उपस्थित अधिकारी एवं कार्मिक अत्यधिक लाभान्वित हुए।

## हिन्दी दिवस का आयोजन

पूर्व रेलवे मुख्यालय में 15 सितंबर 2014 को हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री आर. के. गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक श्री बी. के. पटेल, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य इंजीनियर श्री ए. के. झा सहित विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, हिन्दी संपर्क अधिकारी, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा राजभाषा विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित हुए। अपर महाप्रबंधक द्वारा माननीय रेल मंत्री के हिन्दी दिवस संदेश का वाचन किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक महोदय ने हिन्दी दिवस के अवसर पर अपना संदेश देते हुए कहा- 'हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा ही नहीं, राजभाषा भी है। अत: हमें सरल शब्दों का प्रयोग करते हुए फाइलों पर छोटी-छोटी टिप्पणियां हिन्दी में लिखने का प्रयास करना चाहिए।' इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा मुख्यालय की त्रैमासिक हिन्दी गृह पत्रिका 'प्रतिबिंब' और ई-पत्रिका 'पूर्वोदय' का विमोचन किए जाने के साथ-साथ ई-पत्रिका का नेट एक्टीवेशन भी किया गया।

## राजभाषा कार्य समीक्षा बैठक

समस्त पूर्व रेलवे में कार्यरत राजभाषा कार्मिकों तथा अधिकारियों के लिए दिनांक 26.11.2014 को उप महाप्रबंधक (राजभाषा) की अध्यक्षता में राजभाषा कार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राजभाषा कार्मिकों के कार्यों की समीक्षा करने हेतु बैठक का आयोजन एक अभिनव पहल है। बैठक के पूर्वार्द्ध में राजभाषा से

संबंधित विभिन्न रपटों पर विशेष चर्चा की गई और राजभाषा के प्रचार-प्रसार में आनेवाली अड़चनों एवं समस्याओं की समीक्षा करते हुए उन्हें दूर करने का प्रयास किया गया। दूसरे सत्र में अनुवाद सरलीकरण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें उप महाप्रबंधक (राजभाषा) द्वारा राजभाषा कार्मिकों को नए-नए शब्दों के प्रयोग द्वारा अनुवाद को सहज-सरल बनाने की सलाह दी गई।

### चिकित्सा संगोष्ठी

दिसंबर 2014 में आयोजित क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के दौरान चिकित्सा विषय पर आधारित एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसका विषय था - पौरूष ग्रंथि संबंधी समस्याएँ : कारण एवं निदान। इस विषय पर व्याख्यान देने हेतु मेट्रो रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रुद्रेन्दु भट्टाचार्य को आमंत्रित किया गया था। डॉ. भट्टाचार्य ने स्लाइड शो के माध्यम से इस रोग के बारे में विस्तृत एवं रोचक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सामान्यत: वृद्धावस्था में होने वाला रोग है और अत्यंत कष्टदायक होता है। शुरूआती चरण में औषधियों के सेवन से इससे राहत पाई जा सकती है। कभी-कभी इसके कैंसर में बदल जाने की भी संभावना होती है। उन्होंने इस रोग से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और उपचारों से सभी को अवगत कराया।


**संपर्क :**

**संपादक, 'पूर्वोदय'**

पूर्व रेलवे, प्रधान कार्यालय,

फेयरली प्लेस,

17, एन. एस. रोड, कोलकाता-700 001

☎ (033) 22224171, 24171 (रेलवे)

ईमेल : purvoday_hindi@yahoo.co.in

*पत्रिका का वितरण नि:शुल्क है।*


## मुद्रा का अनूठा संग्रहालय

मुम्बई में मुद्रा का एक अनूठा संग्रहालय है। इसमें देश-विदेश की विभिन्न नई-पुरानी मुद्राएँ संग्रहीत हैं। इससे मुद्रा व्यवस्था के अतीत से लेकर वर्तमान तक की झाँकी मिलती है। यह संग्रहालय पी एम रोड पर स्थित है और इसका निर्माण वर्ष 2004 में किया गया।

इस म्यूजियम में प्राचीन भारतीय सिक्कों से लेकर रोमन, ग्रीक के प्राचीन सिक्के या उनकी कॉपी, तस्वीर देखने को मिलती है। इसमें छठे ईसा पूर्व में मुद्रा के शुरूआती चरण से अब तक के सिक्कों की झलक मिलती है। इसमें पश्चिम अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया में प्राचीन काल में प्रचलित नियोलिथिक और ब्रैसलेट मनी भी देखने को मिलती है।

संग्रहालय में करीब 1500 डिस्प्ले हैं जिनमें पूरे देश से लाए सिक्कों का प्रदर्शन हुआ है। भारत में सबसे प्राचीन सोने के सिक्के वासुदेव नाम से कुषाण काल में जारी किए गए थे, जिनकी झलक यहाँ मिलती है। इसके अलावा यहाँ शक, तुगलक, शेरशाह सूरी, मुगल काल आदि के सिक्के भी देखे जा सकते हैं।

भारत में मुद्रा की शुरूआत 18वीं सदी के अंत में बंगाल में हुई थी। तब से अब तक जारी नोटों की पूरी सीरीज और दस पैसे से लेकर पांच रुपये तक के सिक्कों की श्रृंखला इस संग्रहालय में देखी जा सकती है।






# विविध गतिविधियाँ



महाप्रबंधक श्री आर. के. गुप्ता द्वारा 01.01.2015 को बेलवेडियर पार्क में नवनिर्मित अतिथि-गृह का उद्घाटन। साथ में अपर महाप्रबंधक श्री बी. के. पटेल एवं प्रमुइं श्री ए. के. झा व अन्य ।



हावड़ा स्थित रेल संग्रहालय में 07.02.2015 को वार्षिक पुष्प-प्रदर्शनी एवं उद्यान प्रतियोगिता-2015 के दौरान फूलों का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक श्री आर. के. गुप्ता।



21.01.2015 को रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कोलकाता में अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2015 का महाप्रबंधक द्वारा शुभारंभ।



अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2015 में प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा का एक दृश्य।



पूर्व रेलवे में 66वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व रेलवे, कोलकाता स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महाप्रबंधक श्री आर. के. गुप्ता ने देश की संप्रभुता का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया। चित्र में महाप्रबंधक झंडोत्तोलन एवं सलामी गारद का निरीक्षण करते हुए।